दिनांक: 03.06.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राज्य के 25 लोकसभा क्षेत्रों में हुए चुनाव तथा बागीदौरा विधानसभा उपचुनाव के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच कल होगी मतगणना–सभी इंतजाम पूरे।
- एक सड़क हादसे में झालावाड़ जिले के 13 लोगों की मृत्यु।
- प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर आंधी–बारिश से भीषण गर्मी के असर में कमी।
- यूपीआई लेनदेन ने मई माह में 20 दशमलव चार पांच ट्रिलियन रुपये का नया कीर्तीमान बनाया।

000

राज्य के सभी 25 लोकसभा क्षेत्रों में हुए चुनाव तथा बागीदौरा विधानसभा उपचुनाव के लिए कल होने वाली मतगणना को लेकर निर्वाचन विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था और मतगणना कार्य के लिए आवश्यक संसाधनों की समुचित व्यवस्था की गई है। वोटों की गिनती सुबह 8 बजे से शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट से डाले गये मतों की गिनती होगी। इसके बाद ईवीएम से हुए मतदान की गणना होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि सभी लोकसभा क्षेत्रों के लिए कुल 29 केन्द्र बनाये गये हैं। जोधपुर, नागौर, करौली–धौलपुर और श्रीगंगानगर लोकसभा क्षेत्र में दो–दो मतगणना केंद्र होंगे। उन्होंने बताया कि मतगणना कुल 4 हजार 33 राउंड में होगी। जोधपुर क्षेत्र में सबसे कम 13 राउंड और मेड़ता में सबसे अधिक 28 राउंड की मतगणना होगी। राजधानी जयपुर में जेएलएन मार्ग स्थित राजस्थान कॉलेज में जयपुर निर्वाचन क्षेत्र और कॉमर्स कॉलेज में जयपुर ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतगणना होगी। उपजिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि मतगणना स्थल में प्रवेश और पार्किंग के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। इसके तहत निर्धारित मार्ग से ही चुनाव प्रत्याशियों, मतदान कर्मियों, अधिकारियों, मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना स्थल में प्रवेश दिया जाएगा। जे.एल.एन मार्ग पर केवल पास धारी वाहनों के आने जाने की अनुमति होगी।

000

पांच जून को मनाये जाने वाले विश्व पर्यावरण दिवस के सिलसिले में जागरुकता बढ़ाने के लिए राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से कई कार्यक्रम रखे गये हैं। इसी कड़ी में आज विश्व साइकिल दिवस मनाया जा रहा है। इस मौके पर जयपुर के जवाहर लाल नेहरू मार्ग पर सुबह साढे पांच बजे 'वुमेंस साइक्लोथॉन' का आयोजन किया गया। इसके जरिये महिलाओं को भी साइकलिंग के प्रति जागरुक किया गया। गौरतलब है कि वर्ष 2018 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने विश्व साइकिल दिवस मनाने की घोषणा की थी। साइकिल दिवस मनाने का उद्देश्य बढते परिवहन साधनों के कारण पर्यावरण और पृथ्वी को नुकसान होने से बचाना है। पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से कार्यशाला भी आयोजित की जा रही है। आज का विषय ''गीले कचरे से खाद बनाना'' रखा गया है।

000

शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर कल करौली जिले के दौरे पर रहे। उन्होंने हिंडौन सिटी के अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में परिंडे लगाकर कॉलेज परिसर में पौधरोपण भी किया। श्री दिलावर ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। श्री दिलावर ने 8 अगस्त से शुरू हो रहे अमृत पर्यावरण महोत्सव को लेकर सामाजिक संगठनों के साथ चर्चा भी की।

000

झालावाड़ जिले से गयी बारातियों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली कल रात मध्य प्रदेश के राजगढ जिले में खाई में गिर गयी। हादसे में 13 लोगों की मौत हो गयी और कई लोग घायल हो गये। घायलों का राजगढ़ के जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

000

देशभर में अमूल दूध की कीमत आज से 2 रुपये प्रति लीटर बढ़ गयी है। अमूल ब्रांड के नाम से दूध और इसके उत्पादों की बिक्री करने वाले गुजरात सहकारी दूध विपणन संघ ने दूध के पॉली–पैक की कीमत में दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोत्तरी की घोषणा की है। इससे पहले फरवरी 2023 में अमूल दूध की कीमत में बढ़ोत्तरी हुई थी।

000

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर पिछले दो दिन से चल रही आंधी और बारिश के कारण गर्मी का असर कम हुआ है। पिछले 24 घंटों में भी कई स्थानों पर बारिश हुई। कहीं–कहीं ओले भी गिरे। अजमेर और केकड़ी में हुई बारिश से दिन ओर रात के तापमान में गिरावट आई और लोगों ने गर्मी से राहत पाई। बीकानेर में मौसम में अचानक आए बदलाव के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई। वहीं लूणकरणसर और नोखा में कुछ स्थानों पर ओले भी गिरे। हमारे संवाददाता ने बताया कि बारिश से पहले तेज अंधड के कारण विद्युत तंत्र को नुकसान पहुंचा है।

000

बारां जिले में ठंडी हवाएं चलने से तापमान में कमी आई। करौली में कल बादल छाए रहे। राजधानी जयपुर में भी दोपहर बाद बादल छाए और कहीं–कहीं बूंदाबांदी हुई। भीलवाडा में कल शाम कई स्थानों पर हल्की बारिश हुई। वहीं अलवर के सिलिसेढ़ में अच्छी बरसात से मौसम सुहाना हो गया। मौसम विभाग के अनुसार कल सबसे ज्यादा 46 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस तापमान श्रीगंगानगर में दर्ज हुआ। इसके अलावा 16 शहरों में दिन का तापमान 42 डिग्री से ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। आगामी दो–तीन दिन में अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सयस से नीचे रहने तथा हीटवेव से राहत बने रहने की संभावना है।

000

झालावाड़ में कालीसिंध थर्मल पावर प्लांट की दूसरी यूनिट में शटडाउन हो जाने से 600 मेगावाट का बिजली उत्पादन पूरी तरह से बंद हो गया है। प्लांट इंजिनियर के.एल. मीणा ने बताया कि इससे लोगों को आने वाले दिनों में बिजली कटौती का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि यह यूनिट बॉयलर ट्यूब लीकेज होने के कारण बंद हुई है। इसे ठीक होने में करीब दो से तीन दिनों का समय लगेगा।

000

कोटपुतली बहरोड़ जिले में क्षेत्रीय वन विभाग की ओर से नर्सरी में विभिन्न प्रकार के तीन लाख 32 हजार छायादार, फलदार और फूलदार पौधे ऑफलाइन के साथ ऑनलाइन भी उपलब्ध रहेंगे। पौधों का वितरण 1 जुलाई से किया जाएगा। वन विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन फॉरेस्ट नर्सरी की जानकारी मिलेगी।

000

भारत की लोकप्रिय भुगतान प्रणाली यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस – यूपीआई लेनदेन ने पिछले महीने 20 दशमलव चार पांच ट्रिलियन रुपये का नया कीर्तीमान बनाया है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा साझा किए गए आंकड़ों में बताया गया है कि मई के आंकड़े 2023 में इसी महीने की तुलना में, मात्रा में 49 प्रतिशत और मूल्य में 39 प्रतिशत अधिक हैं। अप्रैल 2016 में यूपीआई चालू होने के बाद से मई के वर्तमान आंकड़े मूल्य और मात्रा के हिसाब से सबसे अधिक हैं। वहीं तत्काल भुगतान सेवा –आईएमपीएस लेन–देन की मात्रा मामूली रूप से एक दशमलव 45 प्रतिशत बढ़कर 558 मिलियन हो गई है, जबकि अप्रैल में यह 550 मिलियन थी।

000

जयपुर के नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में कल एक शावक की मौत हो गयी। दस मई को बाघिन रानी से जन्मे तीन शावकों में से एक इस शावक की मौत का कारण हृदयघात बताया जा रहा है।

000